# विज्ञापन

लेखक व प्रस्तुतकर्ता
डॉ.सुनील बहल

विज्ञापन शब्द 'वि' उपसर्ग और 'ज्ञापन' शब्द से मिलकर बना है। 'वि' उपसर्ग का अर्थ है विशेष और 'ज्ञापन' का अर्थ है ज्ञान कराना या जानकारी देना। अतएव विज्ञापन का व्युत्पति अर्थ हुआ—विशेष रूप से जानकारी देना। पहले विज्ञापन का अर्थ सीमित हुआ करता था। विज्ञापन को लोग सूचना देने तक ही सीमित रखते थे। किन्तु आज के युग में विज्ञापन का अर्थ व्यापक हो गया है। आज विज्ञापन मात्र सूचना देना न होकर एक कला बन गया है। आज विज्ञापन उस कला का नाम है जिसमें उत्पादक अपने उत्पादन के गुण, मूल्य और अन्य आवश्यक जानकारी को लोगों तक बढ़िया ढंग से प्रस्तुत कर सके, लोगों में उस उत्पादन को खरीदने के लिए उत्सुकता व लालसा बढ़ सके, भविष्य में भी उस उत्पादन के प्रति लोगों का विश्वास बन सके तथा बाज़ार में लगातार माँग बने, माँग बढ़े और बढ़ती ही रहे।

यहाँ यह बात भी बता देना नितांत आवश्यक है कि विज्ञापन केवल उत्पादित वस्तुओं के ही नहीं होते बल्कि व्यक्ति के गुणों, अनुभवों आदि के भी विज्ञापन होते हैं। उदाहरणतया एक डॉक्टर अपने चिकित्सीय योग्यता, अनुभव और कला का इस तरह विज्ञापन देता है कि मरीज़ विज्ञापन पढ़ते ही डॉक्टर के पास दौड़ा जाता है। इसी तरह विभिन्न कक्षाओं और कोर्सों के लिए कोचिंग देने वाले अपनी पढ़ाने सम्बन्धी योग्यताओं, गुणों और अनुभवों को इस प्रकार विज्ञापित करते हैं कि विद्यार्थी वहाँ एडमिशन/कोचिंग लेने के लिए चक्कर काटते हैं। आज विज्ञापन इस कद्र हरेक की ज़िंदगी में प्रभावी बन गया है कि संगीत, नृत्य, व्यायाम, योग, कुकिंग, सिलाई-कढ़ाई, पेंटिंग, ड्राइविंग आदि सिखाने वाले विज्ञापनों की समाचार पत्रों में भरमार होती है। लोगों को उनके भविष्य के बारे में बताने का दावा करने वाले लोग जो अपने आपको ज्योतिषी, तांत्रिक आदि कहते हैं, लोगों की भावनाओं का फायदा उठाते हैं और उनकी

Scanned with CamScanner

समस्याओं का हल करने का झूठा वायदा करके उनसे अच्छी खासी मोटी रकम ऐंठते हैं। उनके विज्ञापन इतने प्रभावशाली होते हैं लोग बिना विवेक से काम लिए इन ढोंगी लोगों के चक्कर में फंस जाते हैं।

विज्ञापन व्यक्ति के वैवाहिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अखबारों, मैगज़ीनों, इंटरनैट आदि के माध्यम से लोग अपनी योग्यता, कद, आकार, आयु, जाति के साथ अपनी सुंदरता का भी विज्ञापन देते हैं और मनचाहा रिश्ता प्राप्त करते हैं। इसके अतिरिक्त लोग अपनी चीज़ों जैसे ज़मीन जायदाद, स्कूटर, कार, घर में इस्तेमाल करने वाले विभिन्न तरह के सामान को खरीदने व बेचने के लिए विज्ञापन का ही सहारा लेते हैं। अधिक क्या कहें, आज के युग को यदि विज्ञापन का युग कहें तो कोई अतिशयोक्ति न होगी।

## विज्ञापन के माध्यम या साधन

विज्ञापन करने के अनेक ढंग हैं, जैसे :-

1. **ढिंढोरा पीटकर :** पुराने समय में कोई व्यक्ति अपने गले में बड़ा-सा ढोल बजाता हुआ गलियों और बाज़ारों में या फिर किसी चौराहे पर खड़ा होकर व्यापारिक कंपनी के माल के गुणों का बखान बढ़ा-चढ़ाकर करता था। धीरे-धीरे यह काम रिक्शे या ऑटो रिक्शे या खुली जीप आदि में माइक लगाकर किया जाने लगा। आज भी इस तरह से अनेक स्थानों पर लोग अपने उत्पादन का विज्ञापन करते हैं।
2. **स्टाल लगाकर :** आज घरों के बाहर, बाज़ारों में या फिर मेलों, प्रदर्शनियों में, संस्थाओं में अपने सामान की बिक्री हेतु या नुमाइश हेतु स्टाल लगाकर कम्पनियों के कर्मचारी खड़े होते हैं और अपने माल की खूबियाँ लोगों को बताते हैं।
3. **एजेण्टों द्वारा :** आज अधिकतर कम्पनियाँ अथवा व्यापारी कमीशन नियत कर कुछ कर्मचारी काम पर लगा देते हैं। ये घर-घर जाकर व्यापारी के माल की खूबियों से लोगों को अवगत कराते हैं, माल की बुकिंग करते हैं या मौके पर ही माल बेचते हैं।

Scanned with CamScanner

4. **इश्तहारी पर्चे :** कुछ व्यापारी अपने माल अथवा काम की जानकारी लोगों तक इश्तहारों द्वारा पहुँचाते हैं। इसके लिए वे घरों में अखबार डालने वाले लोगों को पैसे देकर अपने इश्तहारी पर्चे अखबारों में रखवाकर अपने माल का विज्ञापन आसानी से कर लेते हैं।

5. **मोबाइल और इंटरनेट द्वारा :** मोबाइल और इंटरनैट विज्ञापन के सशक्त साधन हैं। इनसे विज्ञापन तत्काल ही हो जाता है। इनके माध्यम से जहाँ एक ओर क्रय-विक्रय करने में समय की बचत होती है वहीं दूसरी ओर यह साधन सुगम भी है।

6. **डाक द्वारा :** कुछ संस्थाएँ अथवा कम्पनियाँ अपने उत्पादों की सूची अथवा विवरणिका, फोल्डर, डायरी, पम्फ्लैट्स आदि लोगों के घरों अथवा संस्थाओं में भेजती हैं।

7. **रेडियो, टेलिविज़न तथा सिनेमा :** रेडियो, टेलिविज़न तथा सिनेमा हाल के माध्यम से भी व्यापारी अपने उत्पाद का विज्ञापन देते हैं। ये विज्ञापन कुछ सेकेण्डों अथवा मिनटों के होते हैं। आकर्षकता व सुबोधता इनकी विशेषता है।

8. **मैगज़ीनों के द्वारा :** मैगज़ीनों के माध्यम से भी व्यापारिक कम्पनियाँ अपने सामान का विज्ञापन करती हैं। ये मैगज़ीनें साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक और त्रैमासिक होती हैं। ये मैगज़ीनें प्राइवेट और सरकारी संस्थाओं की ओर से छपवायी जाती हैं।

9. **समाचार-पत्रों द्वारा :** समाचार-पत्रों के माध्यम से विज्ञापन दूर-दूर तक करोड़ों पाठकों तक पहुँचते हैं। इसलिए सरकारी एवं ग़ैर सरकारी कार्यालय और व्यापारिक कंपनियाँ विज्ञापन को समाचार-पत्रों के माध्यम से जनता तक पहुँचाती हैं।

## विज्ञापन तैयार करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

1. विज्ञापन संक्षिप्त होना चाहिए।

Scanned with CamScanner

2. उसकी भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए।
3. विज्ञापन में विज्ञापित वस्तु के प्रति आकर्षण उत्पन्न करने का भी गुण होना चाहिए।
4. विज्ञापन में छल कपट नहीं होना चाहिए क्योंकि काठ की हंडी एक बार ही चढ़ती है, बार-बार नहीं।
5. विज्ञापन ब्लैक एंड वाइट की जगह यदि रंगदार हो तो अधिक आकर्षक व प्रभावशाली लगता है।
6. विज्ञापन जिस भी माध्यम द्वारा दिया जा रहा हो वह माध्यम उस बात या चीज़ को प्रकट करने में सक्षम हो।
7. विज्ञापन में विज्ञापन देने वाला का पूरा पता स्पष्ट होना चाहिए।

नीचे कुछ विज्ञापनों के विभिन्न रूप दिये जा रहे हैं :-

## वैवाहिक विज्ञापन

- ब्राह्मण जाति का लड़का, आयु 25 वर्ष, कद 5 फुट 8 इंच, योग्यता एम.ए. (अंग्रेज़ी) एम.बी.ए., कम्पनी में मैनेजर, रंग गोरा के लिए योग्य वधु चाहिए। सम्पर्क करें - 0172-2696453
- खत्री जाति की लड़की, आयु 22 वर्ष, कद 5 फुट 5 इंच, योग्यता बी.कॉम, सी.ए., कम्पनी में सचिव, रंग साफ, के लिए योग्य वर चाहिए। चंडीगढ़ के आस-पास को प्राथमिकता दी जाएगी। सम्पर्क करें - 0181-2554926

## चिकित्सा सम्बन्धी विज्ञापन

डायबिटिज, मोटापे और जोड़ों के दर्द के मरीज़ निराश न हों। तुरन्त छुटकारा पाएं। हमारे यहाँ इनका पक्का व विश्वसनीय इलाज है। सम्पर्क करें - डॉ॰ भूपेन्द्रपाल सिंह, मेन बाज़ार, अबोहर। फोन 9463456300

Scanned with CamScanner

## शिक्षा सम्बन्धी विज्ञापन

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड मोहाली से आठवीं, दसवीं और बारहवीं घर बैठे पास करने हेतु कोचिंग के लिए सम्पर्क करें। मिश्रा कॉलेज, नज़दीक सरकारी अस्पताल, फगवाड़ा।

## ज्योतिष

आपकी हर समस्या का समाधान हमारे पास है। सम्पर्क करें - हस्तरेखा, मस्तक रेखा, जन्मपत्री और फोटो विशेषज्ञ अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री। पता है — राधेश्याम ज्योतिषी, मेन बाज़ार सूरजपुर। दूरभाष : 9692654691

## किराये के लिए खाली

तीन बैडरूम, ड्राइंग, डाइनिंग रूम, तीन बाथरूम ग्राऊँड फ्लोर। सम्पर्क करें : मकान नम्बर 356, सेक्टर 14, करनाल। फोन नम्बर 6924569200

## आवश्यकता है

एक कुशल माली की आवश्यकता है जो बाग बगीचे का काम अच्छी तरह से जानता हो। दो दिन के अन्दर-अन्दर सम्पर्क करें। कोठी नम्बर 1356, सेक्टर 20, नंगल। मोबाइल नम्बर 9699999220

## मकान बिकाऊ है

चंडीगढ़ के सेक्टर 47 में एक 6 मरले का बिल्कुल नया बना हुआ मकान बिकाऊ है। सम्पर्क करें- विनोद गुप्ता, मकान नम्बर 3154, सेक्टर 47 डी, चंडीगढ़। मोबाइल नम्बर- 9555542446

## व्यापार

बॉलपेन का उद्योग स्वयं लगाकार महीने के 15000 रुपये से लेकर 25000 रुपये तक कमाएं। कच्चा माल हम देंगे। सामान बेचने की

Scanned with CamScanner

भी ज़िम्मेदारी हमारी होगी। सम्पर्क करें - गोयल ब्रदर्स, महाजन मार्किट, लुधियाना। मोबाइल नम्बर 9355546900

**विज्ञापन लिखने का उदाहरण नीचे दिया जा रहा है :**

- आपका नाम सुरेश है। आपका सेक्टर-14 पंचकुला में एक आठ मरले का मकान है। आप इसे बेचना चाहते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मकान बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए। आपका मोबाइल नम्बर 9417794262 है, जिस पर मकान खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं।

## मकान बिकाऊ है

सेक्टर-14 पंचकुला में एक आठ मरले का मकान बिकाऊ है।
सम्पर्क करें : सुरेश, मोबाइल नम्बर 9417794262

## अभ्यास

1. संत कबीर पब्लिक स्कूल, सेक्टर-24 फरीदाबाद के प्रिंसिपल की ओर से वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत स्कूल बस के लिए 'एक कुशल ड्राइवर चाहिए' का एक प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर :** **'एक कुशल ड्राइवर चाहिए'**

स्कूल बस के लिए 'एक कुशल ड्राइवर चाहिए'। पाँच साल के अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी । ड्राइविंग लाइसेंस, घर के पक्के पते व चार तस्वीरों के साथ स्वयं दस दिन के भीतर

सम्पर्क करें- प्रिंसिपल, संत कबीर पब्लिक स्कूल, सेक्टर-24 फरीदाबाद।

2. आपका नाम विजय दीनानाथ चौहान है। आप मकान नम्बर 540, सेक्टर 80, मोहाली में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 9417741121 है।

Scanned with CamScanner

आपका सेक्टर-76 मोहाली में 8 मरले का एक प्लॉट है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'प्लॉट बिकाऊ है' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर : 'प्लॉट बिकाऊ है'**

सेक्टर-76 मोहाली में 8 मरले का एक प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें- विजय दीनानाथ चौहान ,मकान नम्बर 540, सेक्टर 80, मोहाली, मोबाइल नम्बर 9417741121

3. आपका नाम रजनीश गुप्ता है। आप मकान नम्बर 51, सेक्टर-9, करनाल में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 9456000094 है। आप अपनी 2008 मॉडल की टाटा सफारी कार बेचना चाहते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'कार बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर : 'कार बिकाऊ है'**

2008 मॉडल की टाटा सफारी कार बिकाऊ है। सम्पर्क करें- रजनीश गुप्ता, मकान नम्बर 51, सेक्टर-9, करनाल, मोबाइल नम्बर- 9456000094

4. आपका नाम मनीषा है। आप मकान नम्बर 315, सेक्टर 20, नोएडा में रहती हैं। घर के काम काज हेतु आपको एक नौकरानी की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'नौकरानी की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर : 'नौकरानी की आवश्यकता है'**

घर के कामकाज के लिए एक कुशल और ईमानदार नौकरानी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मनीषा कुमारी, मकान नम्बर 315, सेक्टर 20, नोएडा।

Scanned with CamScanner

5. आपका नाम विजय शर्मा है। आप डी.ए.वी. स्कूल मलोट के प्रिंसिपल हैं। आपको अपने स्कूल के लिए एम.ए., बी.एड. गणित अध्यापक की आवश्यकता है। तीन साल के अनुभवी अध्यापक को प्राथमिकता। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'गणित अध्यापक की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर :** **'गणित अध्यापक की आवश्यकता है'**

डी.ए.वी. स्कूल, मलोट में एम.ए., बी.एड. गणित अध्यापक की आवश्यकता है। कम से कम तीन साल के अनुभवी अध्यापक को प्राथमिकता दी जाएगी । दस दिन के भीतर सम्पर्क करें-

विजय शर्मा, प्रिंसिपल, डी.ए.वी. स्कूल, मलोट।

6. आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर-17 चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है, जिसका नाम कुंदन होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 9354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। योग्यता: होटल प्रबंधन में एम. बी. ए. में 60% अंक अनिवार्य तथा तीन साल के अनुभवी को प्राथमिकता। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर :** **'मैनेजर की आवश्यकता है'**

चंडीगढ़ में बहुत बड़े पाँच सितारा होटल हेतु एक कुशल मैनेजर की आवश्यकता है। होटल प्रबंधन में एम. बी. ए. में 60% अंक अनिवार्य । कम से कम तीन साल के अनुभवी को प्राथमिकता

Scanned with CamScanner

दी जाएगी । सात दिन के भीतर आवेदन/सम्पर्क करें- अमिताभ, मैनेजर,कुंदन होटल, सेक्टर-17 चंडीगढ़। मोबाइल नम्बर 935445669

7. आपका नाम पंडित योगेश्वर नाथ है। आपने सेक्टर-22, चंडीगढ़ में एक 'योगेश्वर योग साधना केन्द्र' खोला है, जहाँ आप लोगों को योग सिखाते हैं। प्रति व्यक्ति, प्रति मास 1000/- रु. फीस है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'योग सीखिए' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**उत्तर :** **'योग सीखिए'**

योग के सरल आसन सीखिए। प्रति व्यक्ति, प्रति मास 1000/- रु. फीस। योग प्रशिक्षण का समय प्रातः 6-7 बजे तक तथा शाम को 5-6 बजे तक। सम्पर्क करें- पंडित योगेश्वर नाथ, 'योगेश्वर योग साधना केन्द्र' सेक्टर-22, चंडीगढ़।

लेखक व प्रस्तुतकर्ता
(डॉ.सुनील बहल)
स्टेट रिसोर्स पर्सन
(हिंदी और पंजाबी)

Scanned with CamScanner